हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

गोयल का भरोसा
रेलमंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों के उपयोग से देश को आर्थिक मजबूती मिलेगी। पेज08

सोमवार, 24 फरवरी 2020, लखनऊ, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर संस्करण | www.livehindustan.com | वर्ष 25, अंक 46, 16 पेज+4 पेज लाइव, मूल्य ₹ 4.00, फाल्गुन शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, विक्रम सम्वत् 2076

गोमतीनगर से झुग्गी झोपड़ियां हटवाई जाएं

गोमती नगर जनकल्याण महासमिति की बैठक में मंत्री बृजेश पाठक ने हिस्सा लिया।

लखनऊ | निज संवाददाता

गोमतीनगर क्षेत्र के पार्कों का सौन्दर्यीकरण कराया जाए। यहां खाली पड़े प्लॉट और अवैध झुग्गी-झोपड़ियां एक बड़ी समस्या बन गई है। इनसे निजात दिलाई जाए। यह समस्याएं गोमती नगर जनकल्याण महासमिति की ओर से आयोजित बैठक में उठाई गईं। बैठक में महासमिति से सम्बद्ध 68 समितियों के पदाधिकारी शामिल हुए।

महासमिति के विवेक खण्ड गोमतीनगर स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में महासचिव डॉ. राघवेन्द्र शुक्ल ने कहा कि यहां के अधिकांश पार्क बदहाली की कगार पर पहुंच गए हैं। गन्दगी और अवैध कब्जों के कारण पार्क में टहलना मुश्किल हो गया है। घरों से नियमित कूड़ा भी नहीं उठता, नालियों की सफाई भी नहीं होती है। जगह- जगह बनी अवैध डेरियों से क्षेत्र में गन्दगी फैल रहीं है। इनपर जल्द से जल्द कार्रवाई कराई जाए। कार्यक्रम में मौजूद कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर संयुक्ता भाटिया और नगर आयुक्त इन्द्रमणि त्रिपाठी ने जल्द से जल्द उचित कार्रवाई कर समस्याओं से निजात दिलाने का आश्वासन दिलाया। बैठक में नीरज सिंह, पार्षद संजय सिंह, राकेश त्यागी, रूप कुमार शर्मा, आलोक मिश्र, राम दयाल मौर्य, पीआर पाण्डेय आदि लोग शामिल रहे।

विकास कार्य देखे

लखनऊ। कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक ने रविवार को अपनी मध्य विधानसभा क्षेत्र में श्रीराम रोड, हीवेट रोड व माडल हाऊस में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। वे सबसे पहले श्री राम रोड पर सीवर पाइपलाइन के नवीन व पुनरुद्धार के कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे।